देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 128 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**प्रयासों पर भी नजर



# पेज थ्री

देहरादून, बुधवार, 19 अगस्त 2020



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम 29.0° न्यूनतम 24.0°

38040.57

2 कमला हैरिस बाइडन की होंगी बॉस

7 रोहित शर्मा को मिलेगा खेल रत्न

## संक्षिप्त समाचार

### गृहमंत्री अमित शाह एम्स में भर्ती

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। चार दिन पहले ही कोरोना वायरस संक्रमण को शिकस्त देने वाले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संथान में भर्ती कराया गया है। एम्स के निदेशक डॉक्टर रणदीप गुलेरिया की अगुवाई में अनुभवी डॉक्टरों की एक टीम उनके स्वास्थ्य पर नजर रखे हुए है। बताया जा रहा है कि गृह मंत्री अमित शाह को देर रात करीब 2 बजे एम्स में भर्ती कराया गया है। उन्हें पुराने प्राइवेट वार्ड में रखा गया है। एम्स के मुताबिक, उनकी हालत सामान्य है और स्थिर है। उन्हें सांस से संबंधित परेशानी बताई जा रही है।

### रिया पर लगाए अपने आरोपों पर टिके हैं केके सिंह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुबंई। सुशांत सिंह राजपूत के अकाउंट में वित्तीय हेरफेर के आरोपों के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) इस मामले की जांच मनी लॉन्ड्रिंग के ऐंगल से कर रहा है। केस में हाल में ईडी ने सुशांत के पिता केके सिंह का बयान दर्ज किया है। ईडी को बयान दर्ज कराते हुए केके सिंह ने कुछ चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। बता दें कि सुशांत के पिता ने रिया चक्रवर्ती और उनके परिवार पर सुशांत के 15 करोड़ रुपये का गबन करने का आरोप लगाया है।

### सत्यपाल मलिक बने मेघालय के राज्यपाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। गोवा के राज्यपाल सत्यपाल मलिक को मेघालय का राज्यपाल नियुक्त किया गया है, जबकि महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को गोवा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। दोनों राज्यपालों की नियुक्ति उस दिन से अमल में आएगी जिस दिन वो अपना कार्यभार संभालेंगे। सत्यपाल मलिक अगस्त 2018 से अक्टूबर 2019 तक जम्मू और कश्मीर के राज्यपाल थे। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 25 अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर से ट्रांसफर कर उन्हें गोवा का राज्यपाल नियुक्त किया था।

# दून नगर निगम को किया बंद

## एक उप नगर आयुक्त पाया गया कोरोना पॉजिटिव

**संवाददाता**

देहरादून। देहरादून नगर निगम में एक पखवाड़े के भीतर कोरोना वायरस का दूसरा मामला प्रकाश में आया है। एक उप नगर आयुक्त को कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। जिसके बाद नगर निगम कार्यालय को मंगलवार को बंद कर सैनिटाइजेशन का कार्य कराया जा रहा है। मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर कैलाश जोशी ने उप नगर आयुक्त के पॉजिटिव आने की पुष्टि करते हुए बताया कि संक्रमित अधिकारी के संपर्क में आए अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों को चिह्नित कर उन्हें होम आईसोलेट किया गया है। डॉ जोशी ने बताया कि संक्रमित के नजदीकी संपर्क में आए कार्मिकों की सूची तैयार की जा रही है।

**कोटद्वार में एक ही परिवार के चार सदस्य कोरोना संक्रमित**

▪दो अधिकारियों समेत पांच कर्मियों को किया होम आईसोलेट

पौड़ी जिले के कोटद्वार के गंगादत्त जोशी मार्ग पर एक ही परिवार के चार सदस्यों में मंगलवार को कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। प्रशासन की ओर से इस मार्ग को सील करने की तैयारी की जा रही है। उधर, सोमवार शाम कौड़िया स्थित कोविड सेंटर में भर्ती कराई गई मोहल्ला लकड़ी पड़ाव निवासी एक महिला में भी कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है।

नगर निगम सूत्रों के अनुसार, गत 15 अगस्त को भी यह अधिकारी झंडारोहण के दौरान मौजूद रहे थे। उप नगर आयुक्त हाल ही में कुमाऊं गए थे। माना जा रहा है कि वह वहीं से संक्रमित होकर आए हैं। उधर, एक अधिकारी के कोरोना पॉजिटिव आने की सूचना से नगर निगम के कर्मचारियों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। एक सुपरवाइजर भी पिछले दिनों पॉजिटिव आया था, जिसके बाद कार्यालय को बंद करा दिया गया था।

**टिहरी में डीएम ने किया कंटेंनमेंट जोन का निरीक्षण:** टिहरी जिलाधिकारी मंगेश घिल्डियाल ने नई टिहरी स्थित सी ब्लाक के कंटेंनमेंट जोन का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के निर्देश मौके पर उपस्थित पुलिस उपाधीक्षक धन सिंह तोमर को दिए।

जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित उपजिलाधिकारी पीआर चौहान को कंटेनमेंट जोन में सभी आवश्यक सामाग्री की पूर्ति सुचारू व व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। नई टिहरी के जी ब्लॉक में भी एक ही परिवार के तीन सदस्य भी पॉजिटिव आए।

**ऋषिकेश में कोरोना पहजिटिव की अफवाह पर एकत्र हुई भीड़**

देहरादून। ऋषिकेश में थाना मुनिकीरेती क्षेत्र के अंतर्गत शीशम झाड़ी में मंगलवार को गली नंबर 9 में यह अफवाह फैल गई कि 20 पॉजिटिव महिलाओं को पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम लेने आ रही है। अफवाह फैलते ही लोगों की भीड़ घरों से बाहर निकल आई।

### पहाड़ पर कोरोना की मार, उत्तरकाशी में 77 और रुद्रप्रयाग में 41 नए मामले

उत्तराखंड में कोरोना की सबसे अधिक मार चार मैदानी जिलों पर पड़ी है। अभी तक आए कुल मामलों में 77 फीसद इन्हीं चार जिलों से हैं, मगर नौ पर्वतीय जिलों को भी वायरस सुकून नहीं लेने दे रहा है। यहां भी कोरोना का ग्राफ हर अंतराल पर बढ़ रहा है। सोमवार को प्रदेश में 319 लोग में कोरोना की पुष्टि हुई है। जिनमें 37 फीसद अकेले उत्तरकाशी व रुद्रप्रयाग से हैं। इस बीच राहत यह कि विभिन्न अस्पतालों से 385 मरीज स्वस्थ्य होकर डिस्चार्ज भी हुए हैं।




# कोरोना के लिए है पीएम केयर फंड

## एनडीआरएफ में पीएम केयर्स फंड नहीं होगा ट्रांसफरः सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को ने पीएम केयर्स रिलीफ फंड की रकम राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन राहत फंड में ट्रांसफर करने का निर्देश देने की मांग को खारिज कर दिया गया। कोर्ट ने सीपीआईएल संस्था की याचिका खारिज की जिसमें पीएम केयर्स फंड को गैरकानूनी बताते हुए उसकी रकम एनडीआरएफ में ट्रांसफर किए जाने की मांग थी। मामले की सुनवाई जस्टिस अशोक भूषण की अगुवाई वाली तीन जजों की बेंच ने की। सुप्रीमकोर्ट ने पीएम केयर्स रिलीफ फंड की रकम डिजास्टर मैनेजमेंट रिलीफ फंड में ट्रांसफर करने का निर्देश देने की मांग खारिज की। कोर्ट ने सीपीआईएल संस्था की याचिका खारिज की जिसमें पीएम केयर्स फंड को गैरकानूनी बताते हुए उसकी रकम एनडीआरएफ में ट्रांसफर किए जाने की मांग थी।

बता दें कि कोविड-19 से लड़ने के लिए केंद्र सरकार की ओर पीएम केयर्स फंड का गठन किया गया था। सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने 17 जून को सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया था। वहीं CPIL की ओर से वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने केंद्र सरकार पर कई अनियमितताओं के आरोप लगाए थे। प्रशांत भूषण ने कहा था कि केंद्र सरकार को डीएमए के अनुसार, कोविड -19 को शामिल करने के लिए एक राष्ट्रीय योजना तैयार करनी चाहिए। इस योजना में केंद्र को राहत के लिए न्यूनतम मानक जारी करने चाहिए। पीएम केयर्स फंड की सभी रसीदें सीएजी की ओर से ऑडिट कर इसकी जानकारी सार्वजनिक होनी चाहिए और जिस रकम का विवरण नहीं है उसे एनडीआरएफ में ट्रांसफर कर दिया जाना चाहिए।

### पीएम केयर्स फंड बनाने पर रोक नहीं हैः केंद्र सरकार

इस याचिका पर पहले हुई सुनवाई में केंद्र सरकार ने फंड बनाए जाने के पक्ष में बोला था कि पीएम केयर्स फंड बनाने पर रोक नहीं है। राष्ट्रीय या राज्य आपदा के समय पीएम केयर्स फंड दूसरे फंड पर रोक नहीं लगाते हैं। लोग इस फंड में स्वैच्छिक दान कर सकते हैं इसमें जमा रकम एनडीआरएफ में ट्रांसफर करने की मांग उचित नहीं। केंद्र सरकार ने इस मामले में दायर जनहित याचिका खारिज करने की मांग की थी।

# भारत ने देसी तेजस वेस्टर्न फ्रंट पर किए गए तैनात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। स्वदेशी फाइटर एयरक्राफ्ट प्रोग्राम के लिहाज से एयर फोर्स ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। चीन के साथ पूर्वी लद्दाख में तनाव के मद्देनजर दोनों मोर्चों पर हवाई सुरक्षा को और मजबूती देने के लिए देश में बने हल्के लड़ाकू विमान तेजस को पाकिस्तान सीमा से लगे वेस्टर्न फ्रंट पर तैनात किया जा चुका है। सरकारी सूत्रों ने एएनआई को बताया, एलसीए (लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट) तेज को इंडियन एयर फोर्स ने पाकिस्तान सीमा के नजदीक वेस्टर्न फ्रंट पर तैनात किया है ताकि दुश्मन द्वारा वहां किसी भी हरकत का माकूल जवाब दिया जा सके।

ओपन सोर्स इंटेलिजेंस एनॉलिस्ट Detresfa के मुताबिक इन जे-20 लड़ाकू विमानों को हाल ही में लद्दाख बॉर्डर पर तैनात किया गया है। चीन के पास कुल 40 जे-20 फाइटर जेट हैं। यही नहीं ड्रैगन उत्ध्तर भारत से सटे अपने इलाकों में हवाई ताकत को लगातार मजबूत करने में जुट गया है। चीन ने अपने भारत से लगे हवाई ठिकानों पर परमाणु बम गिराने में सक्षम विमानों से लेकर हमलावर ड्रोन विमान तक तैनात कर दिए हैं। यही नहीं चीन नए एयरबेस भी बना रहा है। चीन भारत से सटे अपने 13 एयरबेस को लगातार अपग्रेड करने में जुटा हुआ है। चीन के ये एयरबेस भारत के लद्दाख से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक के भारतीय इलाकों से सटे हुए हैं।

**तनाव**

### चीन के साथ पाक पर भी नजर

भारतीय वायुसेना के पूर्व प्रमुख एयर चीफ मार्शल बी एस धनोआ (रिटायर्ड) के मुताबिक, राफेल से चाइनीज जे- 20 का मुकाबला तो दूर, वह राफेल की खूबियों के सामने इतना बौना है कि दोनों की तुलना करना ही बेमानी है। पूर्व एयर चीफ का कहना है कि राफेल फाइटर जेट्स, चीन के जे- 20 विमानों से बहुत ज्यादा आला दर्जे के हैं।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact: **Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# कोरोना वैक्सीन के भरोसे न बैठे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोविड-19 वैक्सीन की डील करने के लिए भारत सरकार ऐक्टिव हो गई है। देश में तीन वैक्सीन का ट्रायल तो चल ही रहा है। उनके अलावा दो और कपंनियों, यानी कुल पांच फार्मा कंपनियों से बात हुई है। उनसे कहा गया है कि तीन दिन के भीतर इसका रोडमैप दें अगर उनकी वैक्सीन को मंजूरी मिलती है तो कितनी जल्ध्दी और किस कीमत पर वैक्सीन तैयार करके दे सकती हैं। अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोपियन यूनियन की तरह भारत ने अभी तक किसी कंपनी से डील नहीं की है मगर टीका हासिल करने की कोशिश में जुट गया है। कोरोना टीके को लेकर बने एक्सपर्ट ग्रुप ने सोमवार को देश की दिग्गज फार्मा कंपनियों के प्रमुखों से मुलाकात की थी। इसी मीटिंग में 5 कंपनियों से आगे का रोडमैप तैयार करके देने को कहा गया है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन ने कहा है कि देशों को कोरोना वायरस वैक्सीन का इंतजार नहीं करना चाहिए। मीडिया ब्रीफिंग में ताकेशी ने कहा, जब तक सारे देश प्रोटेक्ट नहीं होते, कोई देश सेफ नहीं है।

### डब्ल्यूएचओ ने कहा-अपने इंतजाम देखें देश